आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 07.05.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों के शौर्य को नमन किया। आतंकवाद और इसे बढ़ावा देने वाले तंत्र को नष्ट करने की राष्ट्र की प्रतिबद्धता दोहराई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में राज्यभर से आए पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों और मत्स्य पालकों के साथ संवाद किया। कहा– प्रदेश सरकार पशुपालकों और मत्स्य पालकों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने टिहरी झील, रिंग रोड और आसपास के क्षेत्र को वैश्विक गंतव्य के रूप में विकसित करने लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विश्वविद्यालयों और सम्बद्ध महाविद्यालयों में अब उत्तर पुस्तिकाओं का ऑनस्क्रीन डिजिटल मूल्यांकन किया जायेगा।

ऑपरेशन सिंदूर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों के शौर्य को नमन किया है। उन्होंने आतंकवाद और इसे बढ़ावा देने वाले तंत्र को नष्ट करने की राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हमला करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया। अपने संस्कृत श्लोक सुभाषितम में प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की असाधारण विजय देश के बहादुर सैनिकों के उल्लेखनीय शौर्य और देशभक्ति का एक प्रेरक उदाहरण है।
भारतीय सेना ने आज ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की सुनियोजित, सटीक और प्रभावी कार्रवाई को दर्शाया गया है।

मुख्यमंत्री / मत्स्य पालन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में राज्यभर से आए पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों और मत्स्य पालकों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए रेफ्रिजरेटेड फिशरीज वैन को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि इससे मछलियों का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित हो सकेगा। श्री धामी ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है और यह लाखों परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन भी है। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालकों और मत्स्य पालकों के कल्याण के लिए संकल्पित भाव से कार्य कर रही है और इस दिशा में आज कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

लोकार्पण

कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने आज हरिद्वार जिले में रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रावली महदूद में भवन के सौंदर्यीकरण और नव निर्मित शौचालय ब्लॉक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा

कि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विकास होने से बच्चों को पढ़ाई के साथ स्वच्छ और सुरक्षित माहौल मिलेगा। कैबिनेट मंत्री ने आईटीसी मिशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

टिहरी झील

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''एक राज्य– एक वैश्विक गंतव्य'' के तहत टिहरी झील, रिंग रोड और आसपास के क्षेत्र को वैश्विक गंतव्य के रूप में विकसित करने लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आज सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने कार्ययोजना में टिहरी झील, रिंग रोड का निर्माण, प्रतिष्ठित पुल और हरे–भरे पैदल मार्ग शामिल करने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि टिहरी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण पूरे क्षेत्र को वैश्विक गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए गंतव्य प्रबंधन संगठन के रूप में काम करेगा। मुख्य सचिव ने डोबराचांटी पुल के पास स्थित हेलीपैड को हेलीपोर्ट के रूप में विकसित करने, टिहरी पहुंचने के लिए कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान देने और मार्गों के चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण किए जाने के निर्देश भी दिए।

डिजिटल मूल्यांकन

प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विश्वविद्यालयों और सम्बद्ध महाविद्यालयों में अब उत्तर पुस्तिकाओं का ऑनस्क्रीन डिजिटल मूल्यांकन किया जायेगा। इससे परीक्षा मूल्यांकन अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिरहित होगा। ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से परीक्षा परिणाम समय पर घोषित हो सकेंगे, जिसका सीधा लाभ छात्र–छात्राओं को मिलेगा। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालयों में पारम्परिक और भौतिक मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी, पुनमूल्यांकन में देरी व उत्तर पुस्तिकाओं के संरक्षण जैसी समस्याएं को देखते हुये यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी राज्य विश्वविद्यालयों को ऑनस्क्रीन डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से वर्तमान सेमेस्टर जनवरी–2026 से परीक्षाओं का मूल्यांकन को शासन स्तर से निर्देश जारी कर दिये गये हैं। डॉ. रावत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के बाद विश्वविद्यालयों और सम्बद्ध महाविद्यालयों पर परीक्षा कार्यों का दबाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली से अब आपसी समन्वय की पूरी प्रक्रिया ऑटोमेटेड होगी, जिससे मैन्युअल हस्तक्षेप कम हो जायेगा। इसके अलावा उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा, जिससे भविष्य में छात्रों के पुनर्मूल्यांकन संबंधी समस्याओं का भी समाधान आसानी से हो सकेगा।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी व निजी विद्यालयों में एक से लेकर 19 वर्ष के बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई गई। चम्पावत जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, चौड़ा राजपुरा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बच्चों और किशोरों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों और अभिभावकों को कृमि संक्रमण से होने वाले नुकसान तथा समय–समय पर दवा लेने के महत्व की जानकारी भी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने कहा कि इस बार जिले में 69 हजार 781 बच्चों को दवा खिलाने के लक्ष्य रखा गया।

वहीं, ऊधमसिंह नगर जिले में भी बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जिले के लगभग 6 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

एक सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान के तहत छूटे हुए बच्चों को आच्छादित करने के लिए 14 मई को मॉप–अप–डे निर्धारित किया गया है।